1312 - टूथपेस्ट (मंजन) अगर गले तक न पहुँचे, तो रोज़े को प्रभावित नहीं करता है

प्रश्न

क्या रमज़ान में दिन के दौरान मुँह को साफ करने के लिए टूथपेस्ट (मंजन) का उपयोग करना, रोज़े को अमान्य कर देता है?

विस्तृत उत्तर

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

यदि टूथपेस्ट (मंजन) गले तक नहीं पहुँचता है, तो वह रोज़े को नहीं तोड़ता है। लेकिन बेहतर यह कि उसका उपयोग रात में किया जाए और दिन के दौरान मिसवाक का उपयोग किया जाए।

अल्लाह हमें और आपको अपनी आज्ञाकारिता का सामर्थ्य प्रदान करे।